प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 11.11.2024 समय : 09:00 ए.एम.

000000

- प्रदेश के सात विधानसभा क्षेत्रों में उप चुनाव के लिए प्रचार का आज अंतिम दिन।
- उपचुनाव के लिए होम वोटिंग की प्रक्रिया सम्पन्न–3 हजार 127 पात्र मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया।
- न्यायमूर्ति संजीव खन्ना आज देश के 51वें मुख्य़ न्यायाधीश पद की शपथ लेंगे।
- प्रदेश में तापमान में धीरे–धीरे गिरावट से सर्दी के असर मे थोडी बढ़ोतरी।

000000

प्रदेश के सात विधानसभा क्षेत्रों में हो रहे उप चुनाव के लिए आज शाम प्रचार समाप्त हो जायेगा। इसके बाद प्रत्याशी घर–घर जाकर जनसंपर्क कर सकेंगे। प्रचार के अंतिम दिन को देखते हुए सभी राजनेतिक दलों के वरिष्ठ नेता और पार्टी प्रत्याशी तथा उनके समर्थक आज प्रचार में कोई कसर नहीं छोडेंगे। इससे पहले कल भी विभिन्न दलों के वरिष्ठ नेताओं ने प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाएं की। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने दौसा और रामगढ़ में प्रचार की कमान संभाली। वहीं उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने सलूंबर में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसंपर्क किया। उन्होंने जावद में जनसभा को संबोधित किया और फिर सलूंबर कस्बे में रोड शो भी किया। मुख्यमंत्री आज चौरासी विधानसभा सीट पर पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। उधर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने रामगढ़ में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। श्री पायलट ने दौसा और देवली–उनियारा में भी चुनावी सभा की। श्री जूली आज रामगढ से पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में मत जुटाने के लिए आज कई स्थानों पर जनसंपर्क करेंगे। गौरतलब है कि दौसा, झुंझुनूं, सलूंबर, देवली उनियारा, रामगढ़, चौरासी और खींवसर में उप चुनाव के तहत 13 नवंबर को मतदान होगा।

00000

राज्य के 7 विधानसभा क्षेत्रों में उप चुनाव के लिए चल रही होम वोटिंग की प्रकिया सम्पन्न हो गई है। इसमें पात्र 3 हजार 193 मतदाताओं में से 3 हजार 127 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि कुल पात्र मतदाताओं में से 37 मतदाताओं की मृत्यु हो गई और 29 मतदाता निर्धारित समय पर घर पर अनुपस्थित मिले। उन्होंने बताया कि होम वोटिंग के लिए 4 नवम्बर से मतदान शुरू हुआ था। यह प्रक्रिया दो चरणों में पूरी हुई है। पहले चरण में मतदान नहीं कर सकने वाले मतदाताओं के लिए दूसरे चरण में 9 और 10 नवंबर को घर से मतदान की व्यवस्था की गई थी। होम वोटिंग के लिए 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले निःशक्तजन पात्र मतदाता थे। पात्र मतदाताओं में से 2 हजार 306 बुजुर्गो और 821 निःशक्तजन ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।

0000

राइजिंग राजस्थान आईटी और स्टार्टअप प्री–समिट कल जयपुर में आयोजित होगी। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की मौजूदगी में समिट के दौरान तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में निवेश करारों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इसका आयोजन सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग और भारतीय उद्योग परिसंघ की ओर से किया जा रहा है। कार्यक्रम में उद्योग मंत्री राज्यवर्द्धन सिंह राठौड भी मौजूद रहेंगे। इस दौरान डिजिटल राजस्थान यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा और स्टार्टअप्स को फंडिंग चेक वितरण भी किया जाएगा। सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग की शासन सचिव अर्चना सिंह ने बताया कि प्री–समिट में प्रदेश में डिजिटल परिवर्तन की संभावनाओं, आमजन को दी जा रही डिजिटल सेवाओं और भविष्य में डिजिटल तकनीकों के माध्यम से राज्य के विकास को गति देने से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। सूचना प्रौद्योगिकी, नवाचार और ई–गवर्नेंस जैसे क्षेत्रों में उभरते अवसरों पर व्यापक विचार–विमर्श भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि डिजिटल राजस्थान यात्रा का उद्देश्य प्रदेश में आमजन और और स्थानीय व्यवसायों के जीवन पर इंटरनेट और प्रौद्योगिकी के असर को उजागर कर डिजिटल राजस्थान की छवि को प्रस्तुत करना है। यह यात्रा जयपुर, अजमेर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा, बीकानेर और भरतपुर से होकर गुजरेगी।

0000

राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के तहत कल सांचौर में हुई जिला स्तरीय इन्वेस्टर मीट में 2 हजार 746 करोड़ रूपए के 65 एमओयू हुए। कार्यक्रम में उद्योग और वाणिज्य राज्य मंत्री के.के. बिश्नोई मौजूद रहे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार वर्ष 2047 तक विकसित भारत और विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में नये उद्योगों की स्थापना और विस्तार के लिए राइजिंग राजस्थान समिट का आयोजन किया जा रहा है। इससे प्रदेश आने वाले वर्षो में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल होगा। इन्वेस्टर मीट में कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

00000

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना आज देश के 51वें मुख्य़ न्यायाधीश पद की शपथ लेंगे। राष्ट्रपति भवन में एक विशेष समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ का स्थान लेंगे, जो कल सेवानिवृत हो गए। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना वर्ष 2019 में पदोन्नत कर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश बनाये गये थे।

00000

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग आज से विदेश मंत्रालय के सहयोग से नई दिल्ली में छह दिन का भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग कार्यकारी क्षमता निर्माण कार्यक्रम शुरू करेगा। यह कार्यक्रम सोलह नवम्बर तक चलेगा। इस कार्यक्रम में मालदीव, नेपाल, श्रीलंका और थाइलैंड समेत आठ देशों के राष्ट्रीय मानवाधिकार संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य लोग भाग लेंगे। आयोग ने कहा है कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में मानवाधिकारों को प्रोत्साहन, संरक्षण और मजबूती देना है। कार्यक्रम में भागीदारी कर रहे लोगों को मानवाधिकारों के संरक्षण से संबंधित विचारों और अनुभवों को साझा करने का अवसर मिलेगा।

00000

प्रदेश में तापमान में अब धीरे–धीरे गिरावट आने लगी है। इससे सर्दी का असर बढ रहा है। पिछले 24 घंटों में 23 शहरों का पारा 20 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। 6 शहरों में पारा 15 डिग्री के नजदीक या उससे कम दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार 15 नवम्बर के बाद सर्दी का जोर बढेगा। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि अगले तीन चार दिनों में तापमान में मामूली कमी के आसार है।

.....

इस बीच आज सुबह राजधानी जयपुर में कई स्थानों पर धुंध छायी रही। वहीं बीकानेर और श्रीगंगानगर में हलका कोहरा देखने को मिला। हनुमानगढ में भी सुबह कहीं–कहीं धुंध और कहीं कोहरा छाया रहा।

0000

सीकर के खाटूश्याम कस्बे में बाबा श्याम के दरबार में एकादशी को लगने वाले मेला महोत्सव को देखते हुए प्रशासन ने माकुल व्यवस्थाएं की है। मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया है। देश भर से लाखों श्रद्धालु बाबा श्याम के दर्शन करने आ रहे हैं। मेले के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से 400 सिक्योरिटी गार्ड, सौ होमगार्ड, 500 आरएसी के जवान लगाये गये है। कल एकादशी पर श्याम बाबा श्याम के छप्पन भोग का प्रसाद लगाकर झांकी सजाई जाएगी और प्रसाद भक्तों में वितरित किया जाएगा। इस बार मंदिर परिसर को श्रीनाथजी और राधा कृष्ण की झांकियों से सजाया गया है। मेले के कारण 13 नवंबर तक श्याम कुंड को बंद करने के प्रशासन ने आदेश दिये हैं।

**00000**

हनुमानगढ़ जिले के संगरिया उपखण्ड में आज जल उत्सव दौड निकाली गई। नीति आयोग की ओर से जल प्रबंधन संरक्षण और स्थिरता के प्रति जागरुकता और संवेदनशीलता पैदा करने के उद्देश्य से इस दौड का आयोजन किया गया। इसमें जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर पालिका, शिक्षा विभाग, के अधिकारियों और कर्मचारियों सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने भाग लिया।

00000